hp threads

September 06, 2022

BSE Limited
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street, Mumbai - 400001

Ref: H.P. Cotton Textile Mills Limited (Scrip Code: 502873)

Sub: Publication of Notice of 41st Annual General Meeting of the Company and E-Voting information

Dear Sir,

Pursuant to the provisions of Regulation 30 and 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith copy of newspaper advertisement published in Hari Bhoomi (Hindi Newspaper) on September 06, 2022 for Notice of 41st Annual General Meeting and E-voting information.

This is for your information and records.

For **H.P. Cotton Textile Mills Limited**

H.P. COTTON TEXTILE MILLS LTD. Corporate Office, New Delhi (India)

Shubham Jain
Company Secretary and Compliance Officer

Encl: As above

HP COTTON
TEXTILE MILLS LTD

H.P. Cotton Textile Mills Limited
(A Government of India recognised Star Export House)

Corporate Office:
F-0, The Mira Corporate Suites,
1 & 2, Old Ishwar Nagar, Mathura Road,
New Delhi - 110065, India
www.hpthreads.com

T: +91 11 26927387, 49073415
+91 11 41540471 / 72 / 73
F: +91 11 49073410
E: info@hpthreads.com

Regd. Office & Works:
15 K.M. Stone, Delhi Road,
V.P.O. Mayar, Hisar - 125 044,
Haryana, India
CIN NO. L18101HR1981PLC012274

TÜV SÜD ISO 9001
ISO 9001 : 2008

खबर संक्षेप

पाण्डुरंग सीएम के उप प्रधान सचिव नियुक्त

चंडीगढ़। सरकार ने सोमवार को तुरंत प्रभाव से आईएएस अधिकारी नागरिक उड्डयन विभाग के सलाहकार और विशेष सचिव तथा हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के मकरंद पाण्डुरंग को मुख्यमंत्री का उप प्रधान सचिव तथा हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है।

ट्यूबवेल के बीस हजार कनेक्शन दिए: रणजीत

चंडीगढ़/हिसार। बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने कहा कि 29 हजार 704 कृषि नलकूप उपभोक्ताओं ने ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए आवेदन किया था, जिनमें से दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा 20 हजार 118 बिजली के कनेक्शन दिए जा चुके हैं। शेष उपभोक्ताओं को ट्यूबवेल कनेक्शन देने की प्रक्रिया जारी है। बिजली मंत्री सोमवार हिसार में डीएचबीवीएन के अंतर्गत आने वाले 11 सर्कल के अधिकारियों की बैठक ले रहे थे।

इनसो से जुड़ रहे युवा: दिग्विजय

जयपुर/चंडीगढ़। जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव एवं पूर्व इनसो राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि राजस्थान में इनसो से निरंतर युवा वर्ग जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षण संस्थानों में इनसो जल्द अपना संगठन खड़ा करेगी। सोमवार को दिग्विजय चौटाला जयपुर में आयोजित एक पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

ई-नेम खरीद प्रणाली का विरोध किया

चंडीगढ़। इनेलो के व्यापार मण्डल के प्रदेशाध्यक्ष सतीश जैन ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा निरंतर व्यापारियों के हित के खिलाफ फैसले लिए जा रहे हैं। यह बात उन्होंने सरकार की ई-नेम खरीद प्रणाली लागू करने का निर्णय का विरोध करते हुए कही। उनका कहना है कि यह प्रणाली कम्प्यूटर द्वारा अनाज मंडियों में माल खरीद करेगी जो बहुत ही जटिल प्रक्रिया है।

सुखबीर हत्याकांड में एक आरोपित गिरफ्तार

गुरुग्राम। सेक्टर-31 क्राइम ब्रांच की टीम ने सोहना मार्किट कमेटी के पूर्व वाइस चेयरमैन सुखबीर उर्फ सुक्खी की हत्या के मामले में एक आरोपी को डीएलएफ फेस-1 क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान योगेश उर्फ शीलू निवासी राजस्थान के रूप में हुई है।

वाहन ने ट्रक चालक को कुचला

गुरुग्राम। बजघेड़ा थाना क्षेत्र में वाहन की टक्कर में ट्रक चालक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। प्रमोद कुमार दिल्ली के समयपुर बादली में एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में ट्रक चालक था।

शिक्षक दिवस पर जीयू में पांच दिवसीय सेमिनार

गुरुग्राम। शिक्षक दिवस पर गुरु-शिष्य परंपरा और भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुरुग्राम विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग द्वारा पांच दिवसीय सेमिनार का शुभारंभ किया गया। सेमिनार का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक एवं गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने स्वयं छात्रों के साथ वृक्षारोपण करके एवं रस्साकशी और लेमन रेस जैसी गतिविधियों में भाग लेकर किया। इस मौके पर शिक्षक मौजूद रहे।

कार की चपेट में आने से श्रमिक की मौत

बहादुरगढ़। रोहतक-दिल्ली मार्ग पर गजराज होटल के पास तेज रफ्तारी कार की चपेट में आने से एक श्रमिक की मौत हो गई, दूसरे श्रमिक ने कूदकर जान बचाई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस संबंध में अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।मृतक की पहचान करीब 26 वर्षीय कुंदन कुमार के रूप में हुई है। कुंदन मूल रूप से बिहार के वैशाली जिले का निवासी था। पिछले कुछ समय से यहां बहादुरगढ़ इलाके में रह रहा था। रोहतक-दिल्ली रोड बाईपास पर स्थित एक प्लास्टिक फैक्ट्री में काम करता था।

शिक्षक दिवस पर 93 अध्यापक सम्मानित, स्कूलों में 'सेहत' योजना शुरू, शैक्षणिक सत्र में 25 लाख विद्यार्थियों की दो बार स्वास्थ्य जांच होगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

पंचकूला में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने पुरस्कार से नवाजा

चंडीगढ़। शिक्षक को सम्मानित करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

चंडीगढ़। सेहत योजना का शुभारंभ करते राज्यपाल व शिक्षामंत्री

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने शिक्षक दिवस के अवसर पर सोमवार को पंचकूला के सेक्टर-5 स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य शिक्षक पुरस्कार समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 2020 व 2021 के प्रदेश के 93 शिक्षकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने स्कूली बच्चों की स्वास्थ्य जांच के लिये आयुष्मान भारत कार्यक्रम के तहत एक नई स्कूल स्वास्थ्य योजना सेहत का शुभारंभ भी किया। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षित एवं स्वस्थ बच्चे देश का भविष्य हैं। देश के इस भावी कर्णधार भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए आज यहां से आयुष्मान भारत कार्यक्रम के तहत एक नई स्कूल स्वास्थ्य योजना सेहत' शुरू की गई है। इस योजना के तहत आगामी शैक्षणिक सत्र से साल में दो बार 25 लाख स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। जांच में एकत्रित किए गए डेटा को ई-उपचार पोर्टल से जोड़ा जाएगा, जिससे किसी भी स्थान पर बच्चे का डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड उपलब्ध होगा। अपने विद्यार्थी जीवन को याद करते हुये उन्होंने कहा कि उन्हें अपने भौतिकी के अध्यापक रमैया गारू और तेलुगू शिक्षक स्वर्गीय शेषचार्य आज भी याद हैं। वे आदर्श शिक्षक थे, जिनके शब्दों ने छात्रों पर अमिट छाप छोड़ी।

- बच्चों की स्वास्थ्य जांच डाटा ई-उपचार पोर्टल से जोड़ी जाएगी

शिक्षा में गुणात्मक सुधार को कदम उठाए

शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिये अनेक कदम उठाए हैं। हरियाणा देश का ही नहीं संभवत विश्व का पहला प्रदेश है जहां 10वीं व 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों और शिक्षकों को 5 लाख टैब निःशुल्क प्रदान किये गये। उन्होंने कहा कि कुछ बच्चे प्रतिभावान होने के बावजूद संसाधन के अभाव में पीछे रह जाते है। उन्हें सरकार द्वारा संसाधन उपलब्ध करवाये गये है, जिसके परिणाम आने वाले समय में दिखाई देंगे। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री कंवर पाल और अंबाला लोकसभा सांसद रतनलाल कटारिया भी उपस्थित रहे। शिक्षा मंत्री ने शिक्षक दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज पूरा देश प्रसिद्ध राजनयिक, महान विद्वान और एक आदर्श शिक्षक को याद कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने गुरुजनों को दी शुभकामनाएं

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री मनोहर लाल पूर्व राष्ट्रपति, भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर उन्हें नमन किया और शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने ने अपने संदेश में कहा कि शिक्षक मार्गदर्शक होता है, क्योंकि एक शिक्षक ही अपने ज्ञान का सारा भंडार अपने छात्रों को दे देते हैं और उनका हाथ थाम कर आगे बढ़ने की राह दिखाता है। शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री ने शिक्षकों से अनुरोध किया कि वे सभी अमृत काल के संकल्पों को पूर्ण करने में भावी पीढ़ी का मार्गदर्शन करें। उन्होंने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक महान दार्शनिक, शिक्षाविद और लेखक थे।



जिलों की प्रगति के मूल्यांकन को विकसित होगा नया तंत्र

मुख्य सचिव ने दस दिन में फ्रेमवर्क तैयार करने के निर्देश दिए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

समग्र विकास सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता के मद्देनजर हर जिले की प्रगति का मूल्यांकन करने के लिए राज्य सरकार एक नया तंत्र विकसित करने जा रही है। जल्द ही इस नई योजना को लागू किया जाएगा, जिससे हर जिले में खण्ड स्तर और शहरी स्थानीय निकाय स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों का मूल्यांकन किया जाएगा। मूल्यांकन में जो भी खण्ड या स्थानीय निकाय प्रगति में पिछड़े पाए जाएंगे, उनमें विशेष फोकस कर उन्हें भी विकास के नाते से आगे बढ़ाया जाएगा।

- निकाय और खंड स्तर पर विभिन्न कार्यों का मूल्यांकन किया जाएगा

सुझाव मांगे जाएं

मुख्य सचिव संजीव कौशल ने सोमवार इस संबंध में विकास एवं पंचायत तथा शहरी स्थानीय निकाय विभागों के साथ बैठक की। उन्होंने ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी 10 दिनों में फ्रेमवर्क तैयार किया जाए। इसके अलावा, जिला उपायुक्तों व अन्य संबंध विभागों के साथ भी बैठकें कर फ्रेमवर्क तैयार करने के संबंध में सुझाव मांगे जाएं। उन्होंने कहा कि नीति आयोग के एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम की तर्ज पर राज्य के सभी खण्डों और शहरी स्थानीय निकायों के मध्य भी एक ऐसा तंत्र विकसित किया जाना चाहिए।

इससे एक ओर जहां विकास के मामले में पीछे चल रहे खण्डों और निकायों के बारे में जानकारी मिलेगी तो वहीं इनमें प्रतियोगिता की भावना भी पैदा होगी, जिससे सभी अपने क्षेत्र में बेहतर तरीके से कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे।

कौशल ने कहा कि इस नई पहल से राज्य सरकार का उद्देश्य हर उस क्षेत्र की पहचान करना है, जो विकास के मामले में कहीं पीछे चल रहा है, ताकि उसे सुदृढ़ कर उसे भी विकास यात्रा में जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का ध्येय शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वाभिमान और स्वावलंबन पर जोर देते हुए प्रत्येक नागरिक का सर्वांगीण विकास व कल्याण सुनिश्चित करना है। यह तभी संभव होगा जब शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों का समान विकास होगा।

चंडीगढ़। अधिकारियों की बैठक लेते मुख्य सचिव संजीव कौशल। फोटो : हरिभूमि

शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता सहित अन्य मानदंड शामिल

बैठक में बताया गया कि विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा प्रारूप तैयार कर लिया गया है, जिसके अनुसार खण्ड स्तर पर विकास कार्यों का मूल्यांकन किया जाएगा। जो खण्ड जिस मापदंड में विकास गति में धीमे पाए जाएंगे, उनमें विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसके लिए लगभग 10 मापदंड चिह्नित किए गए हैं। प्रारूप को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा। इसी प्रकार, शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा तैयार प्रारूप में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, जल प्रबंधन, राजस्व प्रबंधन मूलभूत सुविधाएं इत्यादि मापदंडों को चिह्नित किया गया है। इन मापदंडों पर शहरी स्थानीय निकायों का मूल्यांकन किया जाएगा। जिन्हें हर मापदंड के लिए अलग से स्कोर दिए जाएंगे और कुल स्कोर के आधार पर निकायों की रैंकिंग की जाएगी। बैठक में विकास एवं पंचायत विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनिल मलिक और शहरी स्थानीय निकाय विभाग के प्रधान सचिव अरूण गुप्ता सहित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस ट्रेनिंग में होंगे बड़े बदलाव और नारकोटिक्स को लेकर बनेगी एसओपी

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा पुलिस को ज्यादा बेहतर बनाने के लिए आने वाले वक्त में सिपाही से लेकर डीएसपी तक की ट्रेनिंग में पूरी तरह से बदलाव होने जा रहा है। जिसके लिए राज्य सरकार व डीजीपी की ओर से एक एडीजीपी रैंक (सीपी पंचकूला) डा. हनीफ कुरैशी की अध्यक्षता में पांच अफसरों की कमेटी का गठन किया गया है। उक्त कमेटी इस दिशा में अपना कामकाज पूरा कर चुकी है, अब नए बदलाव के मुताबिक ट्रेनिंग की शुरुआत किसी भी वक्त हो सकती है, पुराने ढर्रे पर चली आ रही ट्रेनिंग नहीं होगी। इसके अलावा हरियाणा में सूबे की मनोहर सरकार की ओर से गठित हरियाणा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को लेकर भी सभी जिलों में एक जैसे तौर, तरीकों से जांच पड़ताल और कार्रवाई हो, इसके लिए भी एसओपी तैयार की जा रही है।

सूबे में हरियाणा पुलिस की ट्रेनिंग को पूरी तरह से आधुनिक करने और ढर्रे से हटकर इसमें बदलाव को लेकर डीजीपी की सलाह पर राज्य सरकार ने एक कमेटी का गठन किया था। जिसमें डाक्टर हनीफ कुरैशी सीपी पंचकूला व एडीजीपी आरटीसी भोंडसी गुरुग्राम की अध्यक्ष हैं। उनके अलावा यमुना नगर एक डीसीपी मोहित हांडा, शशांक आनंद, हिमांशु गर्ग आदि शामिल हैं।

कमेटी ने तेलंगाना, दिल्ली कई राज्यों में पुलिस ट्रेनिंग को लेकर स्टडी की है। साथ ही वहां के डीजीपी और बाकी पुलिस अफसरों से इस पर मंथन करने के बाद में अपने यहां बदलाव का फैसला लिया था। इस फैसले के अनुसार पुलिस के सिपाही से लेकर डीएसपी की ट्रेनिंग में बदलाव होंगे।

- एडीजीपी डॉ. हनीफ कुरैशी कमेटी तैयार कर रही रूपरेखा

नया सिलेबस तैयार

पुलिस की ट्रेनिंग में बदलाव के बाद कई प्रोफेशनल विषयों को इसमें शामिल किया जा रहा है। जिसमें आईपीसी, सीआर पीसी के अलावा साक्ष्य एक्ट (एविडेंस), क्रिमनोलाजी, पुलिस मैनेजमेंट, लोकल एवं पिसियल ला, भीड़ मैनेजमेंट सभी ट्रेनिंग में पढ़ाया जाएगा। अब से पहले कुछ बदलाव 2010 में हुए थे। लेकिन वर्तमान में काफी कुछ अप्रचलित (आउटडेटेड) हो गया है। कुल मिलाकर नए सिलेबस पर डीजीपी हरियाणा की मुहर लग चुकी है। बदलाव के साथ ही नए जजमेंट और जांच पड़ताल के नए तौर तरीकों, साइबर क्राइम सभी बिंदुओं पर अहम काम हुआ है। क्राइम इन इंडिया 2020 में काफी कुछ अपडेट किया गया है। आने वाले वक्त में पुराने केसों पर हुए उल्लेखनीय काम को भी ट्रेनिंग के दौरान विचार विमर्श में शामिल किया जाएगा।

प्रधानमंत्री द्वारा बनाई योजनाओं से आम लोग हो रहे लाभांवित: धनखड़

पलवल। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवनकाल से अनेकों बातें सीखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने जीवन में जो सपने देखें थे, उन्हें उन्होंने पूरा किया। केंद्र की मोदी सरकार ने आठ सालों में जनता के लिए कई योजनाएं बनाईं जिससे आज देश को फायदा हो रहा है। धनखड़ सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के जीवन पर लिखी गई किताब मोदी @ 20 ड्रिम्स मीट डिलिवरी (**Modi @ 20 Dreams Meet Delivery**) पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस किताब में पीएम मोदी के पिछले बीस सालों का अलग-अलग लेखक द्वारा अनेकों पहलुओ को छुआ गया है जो वाकई अत्यंत प्रेरणादायी है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले राज्यपाल

चंडीगढ़। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में चल रही योजनाओं की चर्चा की।

प्रदेश और देश को नंबर वन बनाएंगे: आप

चंडीगढ़। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई आम आदमी पार्टी लड़ रही है। आजादी की दूसरी लड़ाई देश को विकसित राष्ट्र बनाने की है। ये बात आम आदमी पार्टी प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने कही। वे सोमवार को चंडीगढ़ प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान 7 सितंबर को हिसार से मेक इंडिया नंबर वन की शुरूवात करेंगे।

युवा करेंगे शिरकत: उन्होंने कहा कि तिरंगे के नीचे देश और प्रदेश को नंबर वन बनाने के लिए एक मूवमेंट की शुरुआत होगी। इसमें प्रदेश के कोने कोने से युवा पहुंचेंगे। उनके साथ संवाद किया जाएगा। इसके बाद पूरे देश में मुहिम चलेगी और पहुंचेगी।

महंगाई से जनता परेशान: कांग्रेस

चंडीगढ़। कांग्रेस के प्रवक्ता और वरिष्ठ नेता अखिलेश प्रताप सिंह का कहना है कि देश की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। अमीर और अमीर और गरीब और गरीब हो रहे हैं। आम लोग आसमान छूती महंगाई और बेरोजगारी से परेशान हैं। किसान और खेत मजदूर कर्ज के बोझ तले दबे हुए हैं। उन्होंने आज सामाजिक तौर पर हमें जाति, धर्म, भाषा, खान-पान, वेशभूषा के आधार पर बांटा जा रहा है। हर रोज देशवासियों को एक-दूसरे से लड़ाने के लिए नए-नए षड्यंत्र रचे जा रहे हैं। लोगों में भय का माहौल है, विशेष तौर पर महिलाओं में असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	डीएचबीवीएन	ओपी वृत डीएचबीवीएन सिरसा के तहत आईएंडपी पुलिस स्टाफ विजिलेंस हेतु केवल स्टैंडिंग डिजाइंड और विशिष्टि के अनुरूप आउटसोर्स आधार पर एक अदद वाहन अर्थात जीप को किराए पर लेना।	05.09.2022 29.09.2022	4.45 लाख	www.dhbvn.org.in	1666238405 xenopcitysirsa@dhbvn.org.in
2	डीएचबीवीएन	एसडीओ ओपी सब डिवी. डीएचबीवीएन माधोसिंघाना के कार्यालय हेतु केवल स्टैंडिंग डिजाइंड और विशिष्टि के अनुरूप आउटसोर्स आधार पर एक अदद वाहन अर्थात जीप को किराए पर लेना।	05.09.2022 29.09.2022	4.45 लाख	www.dhbvn.org.in	1666238405 xenopcitysirsa@dhbvn.org.in
3	डीएचबीवीएन	एसडीओ ओपी सब डिवी. डीएचबीवीएन पंजुआना के कार्यालय हेतु केवल स्टैंडिंग डिजाइंड और विशिष्टि के अनुरूप आउटसोर्स आधार पर एक अदद वाहन अर्थात जीप को किराए पर लेना।	05.09.2022 29.09.2022	4.45 लाख	www.dhbvn.org.in	1666238405 xenopcitysirsa@dhbvn.org.in
4	डीएचबीवीएन	एसडीओ ओपी सब डिवी. डीएचबीवीएन डींग के कार्यालय हेतु केवल स्टैंडिंग डिजाइंड और विशिष्टि के अनुरूप आउटसोर्स आधार पर एक अदद वाहन अर्थात जीप को किराए पर लेना।	05.09.2022 29.09.2022	4.45 लाख	www.dhbvn.org.in	1666238405 xenopcitysirsa@dhbvn.org.in
5	डीएचबीवीएन	एसडीओ ओपी सब डिवी. खारिया के कार्यालय हेतु केवल स्टैंडिंग डिजाइंड और विशिष्टि के अनुरूप आउटसोर्स आधार पर एक अदद वाहन अर्थात जीप को किराए पर लेना।	05.09.2022 29.09.2022	4.45 लाख	www.dhbvn.org.in	1666238405 xenopcitysirsa@dhbvn.org.in
6	डीएचबीवीएन	डीएचबीवीएन और यूएचबीवीएन (हिसार) हेतु 1000 केवीए कार्गो कोर डीएफएस तक 200 केवीए और अधिक की मरम्मत।	02.09.2022 22.09.2022	30.22 करोड़	www.dhbvn.org.in	9050254440 cos@dhbvn.org.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद विज्ञा. सं.-13/2023/120/12358/I/88/6 दि. 05.09.22

HP COTTON TEXTILE MILLS LTD

एच.पी. कॉटन टैक्सटाइल मिल्स लि.

(CIN: L18101HR1981PLC012274)

पंजी. कार्यालय : 15वां कि.मी. स्टोन, दिल्ली रोड, गांव व डा. मयड़, हिसार-125044

Website: www.hpthreads.com E-mail: info@hpthreads.com

Tel: +91 11 41540471/72/73, Fax: +91 11 49073410

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि एच.पी. कॉटन टैक्सटाइल मिल्स लिमिटेड (''कम्पनी'') के सदस्यों की इकतालीसवीं (41वीं) वार्षिक सामान्य बैठक ('एजीएम') का आयोजन सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 08 अप्रैल, 2020, सामान्य परिपत्र संख्या 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, सामान्य परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांक 05 मई 2020, सामान्य परिपत्र संख्या 22/2020 दिनांक 15 जून 2020, सामान्य परिपत्र संख्या 02/2021 दिनांक 13 जनवरी 2021, सामान्य परिपत्र संख्या 10/2021 दिनांक 23 जून 2021, सामान्य परिपत्र संख्या 19/2021 दिनांक 08 दिसम्बर 2021 और सामान्य परिपत्र संख्या 02/2022 दिनांक 05 मई 2022 (सामुहिक रूप से ''एमसीए सरकुलर'' के रूप में संदर्भित) के साथ पठित सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशन और घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 और कम्पनी अधिनियम 2013 तथा उनके तहत बनाये गये नियमों के सभी लागू प्रावधानों और भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (''सेबी'') इसके परिपत्र सं. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 दिनांक 12 मई 2020, परिपत्र सं. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 दिनांक 15 जनवरी 2021 और परिपत्र सं. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62 दिनांक 13 मई, 2022 ('सेबी सरकुलर्स') (एमसीए सरकुलर्स और सेबी सरकुलर सामुहिक रूप से ''सरकुलर्स'' के रूप में संदर्भित) के अनुपालन में वीडियो कांफ्रेंसिंग ('वीसी') / अन्य ऑडियो वीडियो साधनों ('ओएवीएम') के माध्यम से मंगलवार, 27 सितम्बर 2022 को दोपहर 12.00 बजे आईएसटी किया जाएगा।

परिपत्रों के अनुपालन में, एजीएम की सूचना सहित वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट ('वार्षिक रिपोर्ट') ई-मेल द्वारा उन सभी सदस्यों को भेज दी गई है, जिनकी ई-मेल आईडी कम्पनी / डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के पास पंजीकृत हैं। सभी सदस्यों को एजीएम की सूचना ई-मेल करने का कार्य 3 सितंबर 2022 को पूर्ण कर लिया गया है। सदस्यों को एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति भेजने की आवश्यकता को उपरोक्त परिपत्रों के अनुरूप समाप्त कर दिया गया है। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित होने वाले सदस्यों को अधिनियम की धारा 103 के तहत कोरम की गणना के प्रयोजन हेतु गिना जाएगा।

कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों 2014 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 91 तथा भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग ऑबलीगेशंस एवं डिस्कोजर आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 42 के अनुसरण में यह भी सूचना दी जाती है कि कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स 21 सितम्बर 2022 से 27 सितम्बर 2022 (दोनों दिन मिलाकर) तक कंपनी की 41वीं एजीएम के प्रयोजन हेतु बंद रहेंगे।

जिन सदस्यों के ई-मेल आईडी कम्पनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के पास पंजीकृत नहीं हैं, से इलैक्ट्रोनिकली कम्पनी से वार्षिक रिपोर्ट, सूचनाएं इत्यादि समेत सभी संचार प्राप्त करने हेतु अपने ई-मेल आईडी पंजीकरण अथवा अद्यतन करने के लिये निम्न प्रक्रिया का पालन कर सकते हैं:

ए) भौतिक मोड में शेयर धारण करने वाले सदस्य और जो कम्पनी के पास अपने ई-मेल पते पंजीकृत / अद्यतन नहीं करवा चुके हैं, से अपना नाम, ई-मेल आईडी, फोलियो नं., धारण किये हुये शेयरों की संख्या, सर्टिफिकेट नम्बर, डिस्टिंक्टिव नम्बर और पूर्ण पते सहित पैन कार्ड की स्व-सत्यापित प्रति, वर्णित करते हुये कम्पनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट अर्थात अलंकित असाइनमेंट लिमिटेड को rta@alankit.com पर हस्ताक्षरित आग्रह पत्र भेजकर इसे पंजीकृत / अद्यतन करवाने का आग्रह किया जाता है।

बी) डिमैटीरियलाइज्ड मोड में शेयरधारण करने वाले सदस्यों से सम्बद्ध डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के पास अपने ई-मेल पते पंजीकृत / अद्यतन करवाने का आग्रह किया जाता है।

कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों 2014 के नियम 20 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 108 तथा भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग ऑबलीगेशंस एवं डिस्कोजर आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 44 के अनुसरण में, कम्पनी एजीएम से पूर्व दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा और एजीएम में ई-वोटिंग सुविधा इसके सदस्यों को एजीएम में इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा सम्पादित किये जाने वाले सभी प्रस्तावित प्रस्तावों पर अपना मत देने के अधिकार का उपयोग करने के लिये प्रदान कर रही है और सुविधा सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) द्वारा प्रदान की जा रही है।

एजीएम में ई-वोटिंग हेतु सुविधा उन सदस्यों को उपलब्ध करवाई जाएगी जो वीसी / ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित रहते हैं और दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपना मत नहीं दे चुके हैं। जो सदस्य एजीएम से पूर्व दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना मत दे चुके हैं, वीसी / ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भी उपस्थित / भाग ले सकते हैं परन्तु उनको दोबारा मत देने का अधिकार नहीं होगा। डिमैटिरियलाइज्ड मोड, भौतिक मोड में शेयर धारण करने वाले सदस्यों द्वारा ईजीएम में दूरस्थ ई-वोटिंग और ई-वोटिंग की विस्तृत प्रक्रिया और तरीका अथवा सदस्य जो अपने ई-मेल पते पंजीकृत नहीं करवा चुके हैं, एजीएम की सूचना में प्रदान कर रही है। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :

1. 41वीं एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार बिजनेस ई-वोटिंग के रूप में इलेक्ट्रॉनिक्स साधनों द्वारा वोटिंग के माध्यम से संपादित किया जाएगा।
2. दूरस्थ ई-वोटिंग शनिवार, 24 सितंबर 2022 को (पूर्वा. 9.00 बजे आईएसटी) प्रारंभ होगी और सोमवार 26 सितंबर 2022 को (अप. 5.00 बजे आईएसटी) समाप्त होगी। दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा इसके पश्चात सीडीएसएल द्वारा अयोग्य कर दी जाएगी और किसी सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार मत दे दिया जाता है तो सदस्य को तदोपरान्त इसे परिवर्तित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
3. कोई सदस्य जिसका नाम कट ऑफ तिथि अर्थात मंगलवार 20 सितंबर 2022 के अनुसार सदस्यों के रजिस्टर में अथवा डिपोजिटरीज द्वारा मेंटेन किए गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, केवल वह ही एजीएम में दूरस्थ ई-वोटिंग/ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने का हकदार होगा।
4. सदस्य जिनके नाम कट ऑफ तिथि अर्थात मंगलवार 20 सितंबर 2022 के अनुसार सदस्यों के रजिस्टर में अथवा डिपोजिटरीज द्वारा मेंटेन किए गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज हैं, को बोर्ड द्वारा अनुशंसित अनुसार, यदि एजीएम में अनुमोदित किया जाता है, 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु अंतिम लाभांश का भुगतान शुक्रवार 30 सितंबर 2022 को अथवा इसके पश्चात किया जाएगा।
5. एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.hpthreads.com, स्टॉक एक्सचेंज अर्थात बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com, और सीडीएसएल वेबसाइट www.evotingindia.com से डाउनलोड की जा सकती है।
6. वीसी/ओएवीएम के माध्यम से बैठक में शामिल होने और ई-वोटिंग के संबंध में विस्तृत निर्देशों हेतु, सदस्य 41वीं एजीएम की सूचना देखें।

सदस्य जिनको एजीएम से पूर्व अथवा दौरान सहातया की आवश्यकता है, ई-वोटिंग हेतु सुविधा के संबंध में किन्हीं शिकायतों हेतु, आप बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्न (''एफएक्यूएस'') और हेल्प सैक्शन के तहत www.evotingindia.com पर उपलब्ध ई-वोटिंग मैनुअल देख सकते हैं अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई-मेल लिखें अथवा श्री नितिन कुन्दर (022-23058738) अथवा श्री महबुब लखानी (022-23058543) अथवा श्री राकेश दलवी (022-23058542) से सम्पर्क करें।

इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा वोटिंग हेतु सुविधा से सम्बन्धित सभी शिकायतें श्री राकेश दलवी, प्रबंधक, (सीडीएसएल) सेंट्रल डिपॉजिरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए-विंग, 25वां तल, मैराथन फ्यूचरेक्स, मफतलाल मिल कम्पाउंड्स,